# BURARI PUBLIC SCHOOL

**...a venture with UNIQUE**

**अवधिक परीक्षा -2**

**(2026-27)**

**विषय : हिंदी**

**कक्षा - 10 दिनांक _______**

**नाम: ………………………………………………… अनुक्रमांक……………… शिक्षक- हस्ताक्षर……………………**

**कुल अंक -40**

सामान्य निर्देश :

1. यह प्रश्न पत्र चार खंड में विभाजित हैं।
2. प्रत्येक खंड के अंक समान है।
3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़े।
4. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

नोट: नई शिक्षा नीति (NEP) के दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह अवकाश गृहकार्य मूल्यांकन एक ओपन बुक असेसमेंट के रूप में किया जाएगा। छात्रों को असाइनमेंट पूरा करते समय अपनी पाठ्यपुस्तकों, नोटबुक्स और अन्य अध्ययन सामग्री का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य रटने के बजाय समझ, अनुप्रयोग और विचारों की अभिव्यक्ति पर है। छात्रों को अपने कार्य में ईमानदारी और मौलिकता बनाए रखने की सलाह दी जाती है।

## खंड - क : (अपठित बोध)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (5)**

भारत एक विशाल देश है। यहाँ के विभिन्न राज्यों की अपनी क्षेत्रीय भाषाएँ हैं। स्वतंत्रता के पश्चात से मातृभाषा को प्रोत्साहित करने की बातें चर्चा में रही हैं। परंतु इनके विकास के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए। इसके कारण प्रत्येक क्षेत्र में विदेशी भाषा अंग्रेजी का वर्चस्व स्थापित हो गया। नेल्सन मंडेला ने कहा था कि किसी भी व्यक्ति के सोचने की प्रक्रिया अपनी मातृभाषा में होती है। अगर किसी व्यक्ति से उसकी मातृभाषा में बात करें तो वह बात दिल तक पहुँचती है। यह सर्वविदित है कि मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना अत्यंत सहज एवं सुगम होता है। अपनी मातृभाषा में विद्यार्थी किसी भी विषय को सरलता से समझ लेता है जबकि अन्य भाषाओं में उसे कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विश्वभर के शिक्षाविदों ने मातृभाषा में शिक्षा प्रदान किए जाने को महत्त्व दिया है। विश्व स्थास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार अपनी मातृभाषा में चिकित्सा की पढ़ाई करवाने वाले देशों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति अन्य देशों की तुलना में अच्छी है। चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस और जापान सहित अनेक देश अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। सर्वविदित है कि ये देश लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी हैं।

**1. किसी भी देश के आधारभूत विकास के लिए आवश्यक है-**

(क) चिकित्सीय शिक्षा का विस्तार होना

(ख) तकनीकी शिक्षा का विस्तार होना

(ग) मातृभाषा में शिक्षा का विस्तार होना

**2. स्वास्थ्य और चिकित्सा की दृष्टि से**
कौन-से देश अच्छी स्थिति में हैं?
(क) मातृभाषा में चिकित्सीय शिक्षा देने वाले देश
(ख) अपनी राष्ट्रभाषा को मातृभाषा बनाने वाले देश
(ग) राष्ट्रभाषा और मातृभाषा को समान मानने वाले देश
(घ) अंग्रेजी भाषा से दूरी बनाने वाले देश

**3. भारत में क्षेत्रीय भाषाओं के अपेक्षाकृत कम विकसित होने के क्या कारण हैं ?**
(क) हिंदी भाषा का वर्चस्व
(ख) अंग्रेजी भाषा का वर्चस्व
(ग) उपयुक्त प्रयासों का अभाव
(घ) स्थानीय इच्छाशक्ति का अभाव

**4.'मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना आसान होता है।' इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से तर्क सही है/हैं ?**
(क) मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना सरल है।
(ख) मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना जटिल है।
(ग) मातृभाषा अन्य भाषाओं से सरल-स्वरूप होती है।
(घ) मातृभाषा और दूसरी भाषाओं में कोई अंतर नहीं है।
विकल्प-
(क) । सही है।
(ख) 3 सही है।
(ग) 1 और 2 सही हैं।
(घ) 1 और 4 सही हैं।

**5. 'सामाजिक' शब्द में प्रत्यय बताइए-**
(क) समाज
(ख) सम
(ग) इक
(घ) ईक

**प्रश्न 2. निम्न काव्यांश को पढ़ कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दो - (5)**

नभ के कोने में छिपा हुआ,
एक स्वप्न सुनहरा जाग रहा,
थके हुए मन के आँगन में
आशा का दीपक भाग रहा।
अंधकार की चादर ओढ़े
जीवन जब थम-सा जाता है,
एक किरण फिर भी चुपके से
नई दिशा दिखलाता है।

**1.काव्यांश में "स्वप्न सुनहरा" किसका प्रतीक है?**
(a) दुख का
(b) आशा का
(c) क्रोध का
(d) भय का

**2. “आशा का दीपक” का क्या अर्थ है?**

(a) वास्तविक दीपक

(b) अंधकार

(c) उम्मीद और सकारात्मक सोच

(d) रात का समय

**3. “अंधकार की चादर” किसे दर्शाती है?**

(a) रात को

(b) दुख और निराशा को

(c) खुशी को

(d) प्रकृति को

**4. कवि के अनुसार कठिन समय में क्या मार्ग दिखाता है?**

(a) धन

(b) मित्र

(c) एक किरण (आशा)

(d) शक्ति

**5. काव्यांश का मुख्य भाव क्या है?**

(a) निराशा फैलाना

(b) केवल प्रकृति का वर्णन

(c) आशा और सकारात्मकता का संदेश

(d) क्रोध व्यक्त करना

## <u>खंड -ख ( व्याकरणिक बोध )</u>

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'वाच्च पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए (3)**

**1. 'लेखक ने अपने तकों से उनकी दलीलों का खंडन किया। वाक्य में वाच्य है-**

(क) कर्मवाच्य

(ख) कर्तृवाच्य

(ग) भाववाच्य

(घ) क्रियावाच्य

**2. 'संगतकार द्वारा मुख्य गायक का उत्साह बढ़ाया गया।' प्रस्तुत वाक्य का वाच्य पहचानिए-**

(क) कर्तृवाच्य

(ख) अकर्मवाच्य

(ग) कर्मवाच्य

(घ) भाववाच्य

**3. 'कवि ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया है।' इसका कर्मवाच्य होगा-**

(क) कवि श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन करते हैं।

(ख) कवि द्वारा श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया गया है।

(ग) कवि श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन कर पाते हैं।

(घ) कवि ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया था।

**प्रश्न 4.निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य (Subject) और विधेय (Predicate) अलग कीजिए–** **(2)**

1.मेहनती विद्यार्थी हमेशा सफल होते हैं।

2.पेड़ पर बैठी चिड़िया मीठा गाना गा रही है।

3.मेरे पिताजी रोज सुबह टहलने जाते हैं।

4.तेज हवा के कारण पेड़ गिर गया।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित उपसर्गों से दो - दो शब्द बनाइए -** **(2)**

1.परा

2.अनु

3.अधि

4.उप

**प्रश्न 6. अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइए-** **(3)**

(क) यदि वह आ जाता, तो मैं घर पर ही मिलती।

(ख) वाह ! कितनी सुंदर घटाएँ छा गई हैं।

(ग) भगवान आपका भला करे।

(घ) कितने बजे हैं ?

(ङ) अब तुम चले जाओ।

(च) काश! मैं दिल्ली पहुँच जाता।

**प्रश्न 7.निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द, उपसर्ग और प्रत्यय को अलग कीजिए–** **(2)**

1.अनपढ़

2.सफलता

3.सुंदरता

4.अविश्वास

## <u>(खंड - ग) साहित्य बोध</u>

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(2)**

बेटे के किया-कर्म में तुल नहीं किया: पतोहू से ही आग दिलाई उसकी। किंतु ज्योंही श्राद्ध की अवधि पूरी केई को बुलाकर उसके साथ कर दिया यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना। रोकर कहती मैं चली जाऊँगी तो बुढ़ापे में कौन आपके लिए भोजन बनाएगा, बीमार पडे, तो कौन भी देगा? मैं पैर पड़ती है. मुझे अपने चरणों से अलग नहीं कीजिए। लेकिन भगत का निर्णय जहाँ तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा-यह थी उनकी आखिरी दलील और इस दलील को क्या चलती?
भगत की मौत उन्हीं के अनुरूप हुई |

**1. बालगोविन भगत किस प्रकार के व्यक्ति थे?**

(a) आलसी और कमजोर

(b) धार्मिक और सरल स्वभाव के

(c) क्रोधी और कठोर

(d) स्वार्थी और लालची

**2.बालगोविन भगत के जीवन का मुख्य आधार क्या था?**

(a) धन कमाना

(b) परिवार बढ़ाना

(c) भक्ति और साधना

(d) व्यापार करना

**3.पुत्र की मृत्यु के बाद बालगोविन भगत का व्यवहार कैसा था?**

(a) वे बहुत रोए और दुखी हो गए

(b) उन्होंने क्रोध प्रकट किया

(c) वे शांत रहे और भक्ति में लीन रहे

(d) उन्होंने लोगों से बात करना बंद कर दिया

**4.गाँव के लोग बालगोविन भगत को क्यों मानते थे?**

(a) क्योंकि वे बहुत अमीर थे

(b) क्योंकि वे शक्तिशाली थे

(c) क्योंकि वे भक्त, सरल और त्यागी थे

(d) क्योंकि वे नेता थे

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़करबहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दें - (2)**

मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी, मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी। इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास, यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास तब भी कहते हो-कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती। तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे यह गागर रीती। किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले-अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।

**1. कवि “अपने दुख को समझो” कहकर क्या संदेश देना चाहता है?**

(a) दुख से भागना चाहिए

(b) अपने दुख को समझकर उससे सीख लेनी चाहिए

(c) दूसरों को दोष देना चाहिए

(d) दुख को नजरअंदाज करना चाहिए

**2. “अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास” का क्या भाव है?**

(a) आकाश में केवल तारे हैं

(b) जीवन में कोई विविधता नहीं है

(c) संसार में अनगिनत जीवन कथाएँ और अनुभव हैं

(d) केवल दुख ही दुख है

**3. कवि के अनुसार मनुष्य दुखों से कैसे उबर सकता है?**

(a) रोकर

(b) दूसरों से लड़कर

(c) अपने अनुभवों को समझकर और स्वीकार करके

(d) सब कुछ छोड़कर

**4. “मेरा रम ले अपनी बनने वाला” पंक्ति का आशय क्या है?**

(a) अपना दुख दूसरों पर डालना

(b) अपने भावों को साझा कर अपनापन बनाना

(c) अकेले रहना

(d) किसी से बात न करना

**प्रश्न 9. निम्न प्रश्नों में से किन्ही दो का उत्तर दें - (4)**

(क) बाल गोविंद भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी ?

(ख) भोलानाथ और उनके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है?

(ग) स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है?

(घ) कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है?

## खंड -घ ( रचनात्मक बोध )

**प्रश्न 10.विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला को अत्याधुनिक बनाने की आवश्यकता समझाते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए | (5)**

- प्रारूप (प्रारम्भ और अंत की औपचारिकता )
- विषयवस्तु
- भाषा शुद्धता

**प्रश्न 11.आप हेमंत /हेमा हैं |आप B.Ed कर चुके हैं |आपको विवेक इंटरनेशनल स्कूल गांधीनगर में हिंदी अध्यापक या अध्यापिका पद के लिए आवेदन करना है इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्व -वृत लगभग 80 से 100 शब्दों में लिखिए (5)**